उन्हाणी के राजकीय महिला महाविद्यालय में 96.4 प्रतिशत रही बीएससी नॉन मेडिकल की ऑल इंडिया कैटेगरी की कट ऑफ

भास्कर न्यूज | कनीना

राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए सोमवार को प्रथम लिस्ट जारी कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. विक्रम ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष दाखिला लेने के लिए छात्राओं की पहली कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसके तहत कट ऑफ बीएससी नॉन मेडिकल ऑल इंडिया कैटेगरी में

दाखिले की दौड़ : बीए की 93.8 प्रतिशत व बीकॉम की 82.6%

96.4 प्रतिशत, हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी में 90.8, बीसी-बी में 81.2 प्रतिशत, बीसी-ए में 74 प्रतिशत व एससी में 69.8 प्रतिशत रही है। बीकॉम में कट ऑफ ऑल इंडिया कैटेगरी में 82.6 प्रतिशत व हरियाणा ओपन कैटेगरी में 62.8 प्रतिशत रही। वहीं बीए में दाखिले के लिए ऑल इंडिया कैटेगरी में 93.8 प्रतिशत, हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी में 75.2 प्रतिशत, ऑल इंडिया ओपन ईडब्ल्यूएस में 59.8 प्रतिशत, बीसी-बी में 55.6 प्रतिशत, बीसी-ए में 54 प्रतिशत व एससी में 62.4 प्रतिशत कट ऑफ लिस्ट रही है। उन्होंने कहा कि जिन छात्राओं का चयन पहली लिस्ट में हो गया है वे सभी समय रहते अपना दाखिला कॉलेज में करवा ले ताकि उन्हें बाद में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

दैनिक भास्कर

दिनांक 14/09/2021